दिनांक 28-07-2026 का विज्ञापन सं. इसरो :आई.सी.आर.बी.:02(ई.एम.सी.-सी.ई.पी.ओ.):2026
Advt No. ISRO :ICRB:02(EMC-CEPO):2026 dated 28-07-2026

**अंतरिक्ष विभाग ,भारत सरकार**
**Department of Space, Government of India**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन [इसरो]**
**INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION [ISRO]**
**इसरो केंद्रीकृत भर्ती बोर्ड [आई.सी.आर.बी.]**
**ISRO CENTRALISED RECRUITMENT BOARD [ICRB]**

***इलेक्ट्रॉनिकी, यांत्रिक, कम्प्यूटर विज्ञान, सिविल, विद्युत, प्रशीतन एवं वातानुकूलन तथा वास्तुकला में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष डिग्री के साथ वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की भर्ती***

***RECRUITMENT OF SCIENTIST/ENGINEER `SC' WITH BE/B.TECH OR EQUIVALENT DEGREE IN ELECTRONICS, MECHANICAL , COMPUTER SCIENCE, CIVIL, ELECTRICAL, REFRIGERATION & AIR-CONDITIONING & ARCHITECTURE***

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के केंद्र/यूनिट व्यापक रूप से सामाजिक लाभ हेतु आत्म-निर्भरता प्राप्त करते हुए राष्ट्र की सेवा करने तथा प्रमोचनयानों एवं संचार/सुदूर संवेदन उपग्रहों के डिजाइन व निर्माण की क्षमता का विकास करने एवं उसके बाद उन्हें प्रमोचित करने हेतु अंतरिक्ष अनुप्रयोग, अंतरिक्ष विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विकास में अनुसंधान विकास गतिविधियों में संलग्न हैं।

Centres/Units of Indian Space Research Organization/Department of Space are engaged in Research and Development activities in development of Space Application, Space Science and Technology for the benefit of society at large and for serving the nation by achieving self-reliance and developing capacity to design and build Launch Vehicles and Communication/Remote Sensing Satellites and thereafter launch them.

2. इसरो मुख्यालय, बेंगलूरु में स्थित सिविल अभियांत्रिकी कार्यक्रम कार्यालय (सी.ई.पी.ओ.) तथा इसरो के विभिन्न केंद्रों/यूनिटों में स्थित निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग (सी.एम.डी.) भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को साकार करने के लिए सभी भू-आधारित संरचनाओं, भवनों और संबंधित सुविधाओं की योजना, डिजाइन, निर्माण एवं रखरखाव के लिए उत्तरदायी हैं।

The Civil Engineering Programme Office (CEPO) at ISRO Headquarters, Bengaluru and Construction and Maintenance Division (CMDs) located at various ISRO Centres/Units are responsible for planning, design, construction and maintenance of all ground based structures, buildings and associated facilities to cater to the Indian Space Programme.

3. संघटक केंद्रों/यूनिटों में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (समूह 'क' राजपत्रित पद) तथा अंतरिक्ष विभाग के स्वायत्त निकायों में समूह 'क' (अराजपत्रित पद) की निम्नलिखित रिक्तियों हेतु प्रतिभावान स्नातकों से निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

Online applications are invited from meritorious graduates for the following vacancies of Scientist/Engineer 'SC' (Group 'A' Gazetted Post) in constituent Centres/Units and Group 'A' (Non-Gazetted Post) in Autonomous Bodies of Department of Space in Level 10 of Pay Matrix as detailed below:

| पद कोड संख्या<br>Post Code No. | पद का नाम<br>Name of the Post | रिक्तियों की संभावित संख्या<br>Tentative number of vacancies | तैनाती के लिए संभावित केंद्र/यूनिट<br>Tentative Centres/Units of posting |
|---|---|---|---|
| बी.ई./<br>BE001 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.'<br>(इलेक्ट्रॉनिकी)<br>Scientist/ Engineer 'SC'<br>(Electronics) | 34<br>[29+05-<br>पी.डब्ल्यू.बी.डी./<br>PwBD] | ❖ एच.एस.एफ.सी. एवं यू.आर.एस.सी. – बेंगलूरु<br>HSFC & URSC – Bengaluru<br>❖ एन.आर.एस.सी. – हैदराबाद<br>NRSC – Hyderabad<br>❖ सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad<br>❖ एस.डी.एस.सी. शार – श्रीहरिकोटा<br>SDSC SHAR – Sriharikota<br>❖ वी.एस.एस.सी. – तिरुवनंतपुरम<br>VSSC – Thiruvananthapuram<br>❖ आई.पी.आर.सी. – महेंद्रगिरि<br>IPRC – Mahendragiri |
| बी.ई./<br>BE002 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.'<br>(यांत्रिक)<br>Scientist/Engineer 'SC'<br>(Mechanical) | 26<br>[24+2<br>पी.डब्ल्यू.बी.डी./<br>PwBD] | ❖ एच.एस.एफ.सी., एल.पी.एस.सी. एवं यू.आर.एस.सी. – बेंगलूरु<br>HSFC,LPSC & URSC – Bengaluru<br>❖ आई.पी.आर.सी. – महेंद्रगिरि<br>IPRC – Mahendragiri<br>❖ सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad<br>❖ एस.डी.एस.सी. शार – श्रीहरिकोटा<br>SDSC SHAR – Sriharikota<br>❖ वी.एस.एस.सी. – तिरुवनंतपुरम<br>VSSC – Thiruvananthapuram<br>❖ एल.पी.एस.सी. – वलियमला<br>LPSC - Valiamala |
| बी.ई./<br>BE003 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.'<br>(कम्प्यूटर विज्ञान)<br>Scientist/Engineer 'SC'<br>(Computer Science) | 13<br>[10+03<br>पी.डब्ल्यू.बी.डी./<br>PwBD] | ❖ यू.आर.एस.सी.-बेंगलूरु<br>URSC-Bengaluru<br>❖ एम.सी.एफ. – हासन<br>MCF - Hassan<br>❖ एन.आर.एस.सी.- हैदराबाद<br>NRSC– Hyderabad<br>❖ सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad<br>❖ वी.एस.एस.सी. – तिरुवनंतपुरम<br>VSSC – Thiruvananthapuram |

| | | | |
|---|---|---|---|
| बी.ई./<br>BE004 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (सिविल)<br>Scientist/Engineer 'SC' (Civil) | 10<br>(अना./UR-3,<br>अ.पि.व./OBC-2,<br>अ.जा./SC-2,<br>अ.ज.जा./ST-1<br>ई.डब्ल्यू.एस./EWS-2) | ❖ आई.पी.आर.सी. – महेंद्रगिरि<br>IPRC – Mahendragiri<br>❖ इसरो मु., इस्ट्रैक एवं यू.आर.एस.सी., बेंगलूरु<br>ISRO HQ, ISTRAC & URSC – Bengaluru<br>❖ एस.डी.एस.सी. शार – श्रीहरिकोटा<br>SDSC SHAR – Sriharikota<br>❖ वी.एस.एस.सी. – तिरुवनंतपुरम<br>VSSC – Thiruvananthapuram<br>❖ एल.पी.एस.सी. – वलियमला<br>LPSC - Valiamala<br>❖ एन.आर.एस.सी.- हैदराबाद<br>NRSC– Hyderabad |
| बी.ई./<br>BE005 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (विद्युत)<br>Scientist/Engineer 'SC' (Electrical) | 04<br>(अना./UR-2,<br>अ.पि.व./OBC-1,<br>अ.ज.जा./ST-1) | ❖ एन.आर.एस.सी.- हैदराबाद<br>NRSC– Hyderabad<br>❖ सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad |
| बी.ई./<br>BE006 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (प्रशीतन एवं वातानुकूलन)<br>Scientist/Engineer 'SC' (Refrigeration & Air Conditioning) | 02<br>(अना./UR-1,<br>अ.पि.व./OBC-1) | ❖ सैक – अहमदाबाद<br>SAC – Ahmedabad |
| बी.ई./<br>BE007 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (वास्तुकला)<br>Scientist/Engineer 'SC' (Architecture) | 02<br>(अना./UR-1,<br>अ.ज.जा./ST-1) | ❖ यू.आर.एस.सी.- बेंगलूरु<br>URSC – Bengaluru<br>❖ वी.एस.एस.सी. – तिरुवनंतपुरम<br>VSSC – Thiruvananthapuram |
| बी.ई./<br>BE004ए/A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (सिविल)-स्वायत्त निकाय [पी.आर.एल.]<br>Scientist/Engineer 'SC' (Civil) – Autonomous Body [PRL] | 01<br>(अना./UR-1) | ❖ पी.आर.एल. – अहमदाबाद<br>PRL- Ahmedabad |

5. शैक्षणिक अर्हता/Educational qualification:

| पद कोड/<br>Post Code | अनिवार्य अर्हता<br>Essential Qualification |
|---|---|
| बी.ई./ | कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के |

| | |
|---|---|
| BE001 | साथ इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष।<br><br>BE/B.Tech or equivalent in Electronics & Communication Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale<br><br><u>गेट अर्हता</u> : इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: ई.सी.]<br><br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Electronics & Communication Engineering [Paper Code : EC] |
| बी.ई./ BE002 | कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ यांत्रिक अभियांत्रिकी में बी.ई/बी.टेक. या समकक्ष।<br><br>BE/B.Tech or equivalent in Mechanical Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता</u> : यांत्रिक अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: एम.ई.]<br><br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Mechanical Engineering [Paper Code : ME] |
| बी.ई./ BE003 | कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ कम्प्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष।<br><br>BE/B.Tech or equivalent in Computer Science Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता</u> : कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: सी.एस.]<br><br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Computer Science & Information Technology [Paper Code : CS] |
| बी.ई./ BE004 | कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ सिविल अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष।<br><br>BE/ B.Tech or equivalent in Civil Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता</u> : सिविल अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: सी.ई.]<br><br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Civil Engineering [Paper Code : CE] |
| बी.ई./ BE005 | कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ विद्युत अभियांत्रिकी या विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष।<br><br>BE/ B.Tech or equivalent in Electrical Engineering OR Electrical and Electronics Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता</u> : विद्युत अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: ई.ई.] |

<table>
<tr><td></td><td><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Electrical Engineering [Paper Code : EE]</td></tr>
<tr><td>बी.ई./<br>BE006</td><td>कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ वातानुकूलन एवं प्रशीतन या किन्हीं भी सेमेस्टर में वैकल्पिक या मुख्य विषय के रूप में संबद्ध विषयों के साथ यांत्रिक अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष।<br><br>BE/B.Tech or equivalent in Mechanical Engineering with Air Conditioning & Refrigeration or allied subjects as electives or as a core subject in any of the semesters, with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता </u>: यांत्रिक अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: एम.ई.]<br><br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Mechanical Engineering [Paper Code : ME]</td></tr>
<tr><td>बी.ई./<br>BE007</td><td>कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10 प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ वास्तुकला में स्नातक डिग्री तथा वास्तुकला परिषद् से वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र।<br><br>Bachelor degree in Architecture with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale and Valid Registration Certificate with Council of Architecture.<br><br><u>गेट अर्हता </u>: वास्तुला एवं योजना में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: ए.आर.]<br><br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Architecture & Planning [Paper Code : AR]</td></tr>
<tr><td>बी.ई./<br>BE004 ए./A</td><td>कुल न्यूनतम 65% अंकों (सभी सेमेस्टरों का औसत) या 10-प्वाइंट स्केल पर 6.84 सी.जी.पी.ए. के साथ सिविल अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष।<br><br>BE/ B.Tech or equivalent in Civil Engineering with an aggregate minimum of 65% marks (Average of all semesters) or CGPA 6.84 on a 10 point scale.<br><br><u>गेट अर्हता </u>: सिविल अभियांत्रिकी में वैध गेट स्कोर [पेपर कोड: सी.ई.]<br><br><u>GATE Qualification</u> : Valid GATE score in Civil Engineering [Paper Code : CE]</td></tr>
<tr><td colspan="2">नोट: स्नातक विश्वविद्यालय द्वारा यथानिर्धारित पाठ्यक्रम की निर्दिष्ट अवधि के अंदर पूरा किया हुआ होना चाहिए।<br>NOTE: Graduation should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University.</td></tr>
<tr><td colspan="2">उपर्युक्त विषयों के अंतर्गत स्वीकार्य बी.ई./बी.टेक. में संबद्ध विषयों का उल्लेख एफ.ए.क्यू. में किया गया है।<br>Allied disciplines in BE/B.Tech. acceptable under the above disciplines are mentioned in the FAQs.</td></tr>
<tr><td colspan="2">नोट/Note:<br><br>• जहां कोई विश्वविद्यालय अपनी उपाधि प्रमाणपत्र या समेकित अंक-तालिका में सी.जी.पी.ए. और अंकों की प्रतिशतता दोनों को दर्शाता है, तब कम से कम एक मानदंड (सी.जी.पी.ए. या प्रतिशत) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए।<br>Where a University mentions both CGPA and percentage of marks in its Degree</td></tr>
</table>

Certificate or Consolidated Mark-sheet, then at least one criteria (either CGPA or percentage) should meet DOS/ISRO's eligibility norms.

- जहाँ कोई विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाणपत्र या समेकित अंक-तालिका में केवल सी.जी.पी.ए. का उल्लेख करता है, तो इस प्रकार से दर्शाए गए सी.जी.पी.ए. को अनिवार्य रूप से अं.वि/इसरो के पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए। पात्रता निर्धारित करने के लिए सी.जी.पी.ए. को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं है, भले ही संबंधित विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा कोई रूपांतरण सूत्र निर्धारित किया गया हो। उक्त मानदंड उन मामलों में आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होते हैं, जहाँ उपाधि प्रमाणपत्र/समेकित अंक-तालिका में केवल अंकों की प्रतिशतता दर्शाई गई है।

Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in the Degree Certificate /Consolidated Mark-sheet.

द्वि/समेकित उपाधि कार्यक्रमों के मामले में/In case of Dual/Integrated Degree programmes:

क) जहां, द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत का अलग-अलग उल्लेख किया गया है, वहां स्नातक स्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को मान्यता दी जाएगी;
Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in the Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/percentage for the graduation level will be reckoned;

ख) जहां, अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए लागू एक-समान सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही केवल द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में दर्शाया गया है, वहां अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए लागू द्वि/समेकित उपाधि प्रमाणपत्र में दर्शाई अंतिम सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही पात्रता निर्धारण के लिए आधार माना जाएगा;
Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study is only mentioned in the Dual/Integrated Degree Certificate, the final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/Integrated degree Certificate as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;

ग) जहाँ, कोई विश्वविद्यालय अपने द्वि/समेकित डिग्री प्रमाणपत्रों में कोई सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निर्धारित नहीं करता है, वहाँ अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए यथा लागू अंतिम/समेकित अंकपत्र के अनुसार संचयी सी.जी.पी.ए./प्रतिशत को अर्हता तय करने के लिए माना जाएगा;
Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in its Dual/Integrated Degree certificates, the cumulative CGPA/percentage as per Final / Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;

घ) उपर्युक्त मानदंड समान रूप से लागू होंगे, भले ही कोई विश्वविद्यालय/संस्था अपने द्वि/समेकित डिग्री प्रमाणपत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशत निकालने के लिए कोई सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं।

| |
|---|
| The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual / Integrated Degree certificate. |

4. आयु सीमा: दिनांक **17-08-2026** को 28 वर्ष। सेवारत सरकारी कर्मचारी, भारत सरकार के आदेशों के अनुसार, आयु में छूट के लिए पात्र हैं। दिव्यांगजन/ अ.जा./अ.ज.जा., /अ.पि.व. तथा अभ्यर्थी भारत सरकार के आदेशों के अनुसार, आरक्षित पदों हेतु आयु में छूट के लिए पात्र हैं।

Age limit : 28 years as on **17-08-2026**. Serving Govt. employees are eligible for age relaxation as per Govt. of India orders. Persons with Benchmark Disabilities/SC/ST/OBC candidates are eligible for age relaxation as per Govt. of India orders, wherever posts are reserved.

| |
|---|
| दिनांक 18.08.1998 को या उसके पश्चात जन्मे अना./ई.डब्ल्यू.एस. अभ्यर्थी<br>UR/EWS candidates born on or after 18.08.1998 |
| दिनांक 18.08.1995 को या उसके के पश्चात जन्मे अ.पि.व. अभ्यर्थी<br>OBC candidates born on or after 18.08.1995 |
| दिनांक 18.08.1993 को या उसके पश्चात जन्मे अ.ज./अ.ज.जा. अभ्यर्थी<br>SC/ST candidates born on or after 18.08.1993 |

5. पी.डब्ल्यू.बी.डी. प्रमाणपत्र: पी.डब्ल्यू.बी.डी. के लिए आरक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति जमा करनी होगी, जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो, जो केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा विधिवत रूप से गठित दिव्यांगता का मूल्यांकन करने हेतु विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले एक सदस्य के साथ कम से कम तीन (03) सदस्यीय चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो। दिव्यांगता की परिभाषा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची में निर्दिष्ट है।

PwBD Certificate: Candidates applying for the post reserved for PWBD have to submit a self-attested copy of Disability Certificate in the prescribed format at the time of Interview, clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least three (03) members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing disability, duly constituted by Central or a State Government. The definition of Disabilities are as specified in the schedule of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016.

आरक्षण के लिए दिव्यांगता की कोटि: केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगे, जो 40% से कम प्रासंगिक दिव्यांगता से पीड़ित हैं। पात्रता के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दिनांक 15 अक्तूबर, 2025 की कार्यालय ज्ञापन सं. 13013/95/2023-यू.डी.आई.डी./आई.टी./सांख्यिकी में निर्धारित की गई है। दिव्यांगता के सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों से अपने मैनुअल प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) को यू.डी.आई.डी. पोर्टल पर समय से डिजिटलीकृत करवा लेने का अनुरोध किया जाता है।

DEGREE OF DISABILITY FOR RESERVATION: Only such persons would be eligible for reservation in Services/Posts who suffer from not less than 40% of relevant disability. The standard Operating procedure for the eligibility is defined in the Ministry of Social Justice & Empowerment Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan) OM No. P-13013/95/2023-UDID/IT/STATISTICS dated 15th October, 2025. Candidates are

requested to get their manual certificate(if any) digitized on UDID portal well within time for verification of the disability.

6. अ.पि.व. श्रेणी के लिए चिह्नित पदों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि अर्थात् 17-08-2026 के अनुसार अ.पि.व. प्रमाणपत्र होना चाहिए। भारत सरकार के अंतर्गत नौकरियों के आरक्षण/छूट के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ.पि.व. - नॉन क्रीमी लेयर (एन.सी.एल.) प्रमाण पत्र ही लागू है।

Candidates applying for the posts identified for OBC category should have valid OBC certificate as on last date of receipt of online application i.e.17-08-2026. OBC –Non Creamy Layer(NCL) Certificate issued by the Competent Authority in the prescribed proforma is only applicable for reservation / concessions of jobs under the Government of India.

7. ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के लिए चिह्नित पदों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास भारत सरकार के अंतर्गत नौकरियों के आरक्षण/छूट के लिए लागू निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र (वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए वैध) होना चाहिए।

Candidates applying for the posts identified for EWS category should have valid Income and Asset Certificate (valid for the financial year 2026-2027) issued by the Competent Authority in the prescribed proforma applicable for reservation / concessions of jobs under the Government of India.

8. महत्वपूर्ण निर्देश: अभ्यर्थियों को गेट - 2025 या गेट – 2025 के वैध स्कोर के आधार पर साक्षात्कार के लिए स्क्रीन-इन किया जाएगा। अभ्यर्थियों के गेट प्रश्न-पत्र एवं अर्हक डिग्री का विषय तालिका में उल्लिखित विषयों के अनुसार होना चाहिए। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने गेट स्कोर (गेट अंक या गेट रैंक नहीं) भरते समय सावधानी बरतें, क्योंकि शॉर्टलिस्ट करने की प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरे गए स्कोर के आधार पर की जाएगी। आई.सी.आर.बी. द्वारा अभ्यर्थियों के गेट स्कोर की जांच की जाएगी। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के दौरान जाँच पर, यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी का गेट स्कोर (जैसा कि उसके द्वारा प्रविष्ट किया है) गलत है, तो आई.सी.आर.बी. के पास अभ्यर्थी के विरुद्ध उचित कार्रवाई (आपराधिक कार्यवाही सहित) करने का अधिकार सुरक्षित है।

Important Instructions: Candidates will be Screened-in for Interview on the basis of a valid GATE – 2025 or GATE – 2026 Scores. The GATE paper and the subject of qualifying degree of the candidates must be as per the disciplines mentioned above in the table. Candidates are advised to be careful while filling their GATE Score (not GATE marks or GATE Rank), as the shortlisting will be based on the Score filled in the Online Application Form. ICRB will be verifying the GATE Score of the applicants. On verification during screening procedure, if it is found that the candidate's GATE Score (as entered by him/her) is false, then ICRB reserves the right to take appropriate action (including criminal proceedings) against the candidate

9. आवेदन की प्रक्रिया: ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन इसरो की वेबसाइट www.isro.gov.in पर 28-07-2026 से 17-08-2026 .के बीच प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत एवं अर्हता शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी उल्लिखित प्रक्रिया का अनुपालन कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। पंजीकरण के पश्चात, अभ्यर्थियों

को एक ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य में संदर्भ हेतु सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाना चाहिए। आवेदन में अभ्यर्थी की ई-मेल आई.डी. ठीक ढ़ंग से एवं अनिवार्य रूप से दी जानी चाहिए। (स्क्रीन-इन किए गए अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु हाल टिकट/बुलावा पत्र ई-मेल द्वारा ही भेजे जाएंगे।) ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.08.2026 है।

How to apply: The application for on-line registration will be hosted in the ISRO website www.isro.gov.in between 28-07-2026 and 17.08.2026. The candidates registered under National Career Services (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may apply duly following the procedure stated. Applications will be received on-line only. Upon registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference. E-mail ID of the applicant is to be given in the application correclty and compulsorily. (Hall tickets / Call letters for written test / interview for those screened-in will be sent by e-mail only). The last date for submitting on-line application is 17.08.2026.

10. अनापत्ति प्रमाण पत्र: केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों आदि के तहत कार्यरत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय या जब भी इसरो द्वारा माँगा जाए, संबंधित नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करना चाहिए। हालाँकि, अभ्यर्थी को नियोक्ता को सूचित करते हुए पूर्व अनुमति के साथ ही पद के लिए आवेदन करना चाहिए। पद के लिए आवेदन करने के पश्चात रोजगार प्राप्त करने/परिवर्तित करने वाले अभ्यर्थी को नियोक्ता को अपने आवेदन के विवरण की जानकारी प्रस्तुत करनी चाहिए और साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से एन.ओ.सी. प्रस्तुत करना चाहिए। यदि कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय एन.ओ.सी. की मूलप्रति प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यात्रा-भत्ते (टी.ए.) का भुगतान नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों का आगे की भर्ती प्रक्रिया में भागीदारी हेतु कोई दावा नहीं होगा। उक्त के संबंध में, भर्ती के किसी भी चरण पर यदि गलत दावे का पता चलता है, तो अभ्यर्थिता/रोज़गार हेतु अपात्र माना जाएगा।

No Objection Certificate: Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Interview or as and when called for by ICRB/ISRO . However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. A candidate, who gets/changes employment after applying, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Interview. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Interview, shall not be permitted to appear in the Interview and Travelling Allowance (TA) will not be paid. Such candidates will not have any claim for participation in further recruitment process. Any false claim in this regard noticed at any stage of recruitment will result in disqualification of candidature / employment.

11. इसके लिए ₹250/- (दो सौ पचास रुपए मात्र) का अप्रतिदेय शुल्क देय होगा। आवेदन शुल्क केवल भारतकोष पोर्टल के जरिए ऑनलाइन माध्यम से ही लिया जाएगा और ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर भुगतान करने के लिए लिंक दिखाई देगा। शुल्क का भुगतान निम्नलिखित में से किसी भी एक तरीके का उपयोग करते हुए किया जा सकता है:

There is a non-refundable application Fee of ₹250/- (Rupees Two Hundred and Fifty only). The Application fee will be collected only through Online mode via

Bharathkosh portal and the link for making the payment will appear on submission of the online application. The fee can be paid using any one of the following modes:

- इंटरनेट बैंकिंग / Internet Banking
- एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यू.पी.आई.) / Unified Payment Interface (UPI)
- डेबिट कार्ड (अंतर्देशीय) / Debit Cards (Domestic)
- क्रेडिट कार्ड (अंतर्देशीय) / Credit Cards (Domestic)

I. आवेदन शुल्क का भुगतान किसी अन्य तरीके जैसे नकद प्रेषण, चेक, ड्राफ्ट, मनीऑर्डर, आई.पी.ओ. आदि से करने की अनुमति नहीं है (या) भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में सभी विवरण पूरी तरह से भरने के बाद, अभ्यर्थियों को भुगतान करने के लिए भारतकोष भुगतान गेटवे पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। भुगतान की पुष्टि होने के बाद, अभ्यर्थी को एक पुष्टिकरण संदेश और मेल प्राप्त होगा। आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 19-08-2026 है।

   Payment of Application Fee in any other form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not allowed (or) no other mode of payment will be accepted. After completely filling up all the details in the application form, candidates will be redirected to BHARATKOSH payment gateway for making payment. Once the payment is confirmed, the candidate will receive a confirmation message and e-mail. The last date for payment of application fee is 19-08-2026.

II. यदि अभ्यर्थी तुरंत आवेदन शुल्क का भुगतान करना चाहता है तो, उसे आवेदन जमा करने पर पंजीकरण संख्या प्रदर्शित करने वाला एक वेबपेज प्रदर्शित होगा। उसी वेबपेज पर, एक "Make Payment" बटन मौजूद है, जिसे अभ्यर्थी क्लिक कर सकता है और बताई गई भुगतान प्रक्रिया का पालन कर सकता है।

   If candidate desires to pay application fee immediately then he/she on submitting application will be shown a web page displaying registration number. On the same web page, there exists a "Make Payment" button which the candidate may click and follow the payment process as mentioned.

III. यदि अभ्यर्थी बाद में आवेदन शुल्क का भुगतान करना चाहते हैं, तो वे आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि यानी 19-08-2026 को या उससे पहले विज्ञापन पृष्ठ पर उपलब्ध "Make Payment" लिंक पर जाकर भुगतान कर सकते हैं। अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या, जन्म तिथि प्रदान करनी होगी और बाद में "Make Payment" बटन पर क्लिक करना होगा और बताई गई भुगतान प्रक्रिया का पालन करना होगा।

   If the candidate wants to pay the application fee later, then payment can be made on or before last date of application fee i.e. 19-08-2026 by accessing the "Make Payment" link available in advertisement page. Candidate has to provide Registration number, Date of Birth and later click on the "Make Payment" button and follow the payment process as mentioned.

नोट: (i) हालाँकि इसरो द्वारा लिया जाने वाला आवेदन शुल्क सभी भुगतान विधियों में समान है, लेकिन बैंक शुल्क और कर अलग-अलग हो सकते हैं। इसलिए अभ्यर्थियों को उल्लिखित निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करना आवश्यक है। नेट बैंकिंग और डेबिट कार्डों से भुगतान के मामले में, सफल भुगतान पर अभ्यर्थी को इसरो वेब पोर्टल पर पुनः निर्देशित किया जाएगा और लेनदेन विवरण प्रदर्शित करने वाला एक पृष्ठ दिखाया जाएगा।

Note: (i) Though application fee charged by ISRO is same across the payment modes the bank charges and taxes may vary. Therefore candidates are required to carefully follow the instructions shown. In case of Net banking and debit cards payments, the candidate on successful payment will be redirected to ISRO web portal and shown a page displaying transaction details.

(ii) सम्पूर्ण भुगतान प्रक्रिया के दौरान REFRESH या BACK बटन पर क्लिक न करें, अन्यथा भुगतान प्रक्रिया निरस्त हो जाएगी।

During entire payment processing do not click REFRESH or BACK button, else session will be aborted.

(iii) कृपया भुगतान के तरीके (नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, आदि) के संबंध में बैंकों/भुगतान गेटवे के निर्देशों का पालन करें।

Please follow the instructions of the banks/payment gateways with respect to the mode of payment (net banking, debit/credit cards, etc.,).

(iv) अभ्यर्थी अपने सफल भुगतान के 24 घंटे बाद भुगतान की स्थिति की जाँच कर सकते हैं और विज्ञापन पृष्ठ पर उपलब्ध "Payment Status" लिंक पर जाकर रसीद प्रिंट कर सकते हैं। लंबित लेनदेन या लेनदेन विफलताओं के मामले में अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बैंकों से संपर्क करें और आवेदन शुल्क का सफल भुगतान सुनिश्चित करें।

Candidates can check Payment status after 24 hrs of their successful payment and Print Receipt by visiting "Payment Status" link available in advertisement page. In case of pending transactions or transaction failures candidates are advised to contact their Banks and ensure successful payment of application fee.

12. सभी महिला/अनुसूचित जाति (अ.जा.)/अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.); भूतपूर्व सैनिक [भू.पू.सै.] और दिव्यांगजनों (पी.डब्ल्यू.बी.डी.) को आवेदन शुल्क के भुगतान से **छूट** प्राप्त है। हालाँकि, ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण के बाद, अभ्यर्थियों को आवेदन के सफलतापूर्वक जमा होने के बारे में सिस्टम द्वारा प्रेषित ईमेल की प्राप्ति सुनिश्चित करनी होगी।

All Women/Scheduled Castes (SC)/ Scheduled Tribes (ST); Ex-serviceman [EX] and Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) candidates are **exempted** from payment of Application Fee. However, after registration of application on-line, the candidates have to ensure receipt of system generated email regarding successful submission of application.

13. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन जमा करने से पहले ऑनलाइन भरे गए सभी फील्डों की जाँच कर लें। अभ्यर्थी एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन जमा करने से **बचें।**

Candidates are advised to check all the fields entered by them online before submitting their applications. Candidates **should avoid** submission of multiple applications for the same post.

14. **दस्तावेज अपलोड करना/Uploading of Documents:**

अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पोर्टल में निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट फोटो/स्कैन की हुई प्रतियाँ अपलोड करनी है तथा ऐसा न करने पर उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा:
Candidates are required to upload clear images/ scanned copies of the following documents in the Online portal, failing which their applications will be rejected:

आवेदन के साथ केवल ***jpg प्रारूप में*** फोटो एवं गेट अंक ही अपलोड किया जाना है। हालाँकि, अभ्यर्थियों को माँगे जाने पर अर्हता, आयु, श्रेणी, नियोक्ता से एन.ओ.सी. आदि के समर्थन में मूल दस्तावेज जमा करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
Photo and signature ***in jpg format*** and GATE SCORE card in PDF format only are to be uploaded along with the application. However, candidates should be ready to submit original documents in support of qualification, age, category, NOC from employer etc. as and when called for.

फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश
Instructions for uploading Photo and signature:

**फोटोग्राफ/Photograph:** (4.5से.मी. × 3.5से.मी.)

- फोटोग्राफ हाल ही में ली गई पासपोर्ट साइज की तथा रंगीन होनी चाहिए।
  Photograph must be a recent passport style colour picture.
- सुनिश्चित करें कि फोटो रंगीन, हल्के रंग की, अधिमानतः सफेद पृष्ठभूमि के प्रति ली गई हो।
  Make sure that the picture is in colour, taken against a light-coloured, preferably white background
- यदि आप चश्मा पहनते हैं, तो सुनिश्चित करें कि कोई परछाईं न हो और आपकी आंखें स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।
  If you wear glasses make sure that there are no reflections and your eyes can be clearly seen.
- टोपी, हैट और काले चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं।
  Caps, hats and dark glasses are not acceptable.
- आकार- 200 x 230 पिक्सेल (अधिमानतः)
  Dimensions 200 x 230 pixels (preferred)
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई फोटो का आकार 50kb से अधिक नहीं है। यदि फ़ाइल का आकार 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग्स जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या आदि को समायोजित करें।
  Ensure that the size of the scanned image is not more than 50kb. If the size of the file is more than 50 kb, then adjust the settings of the scanner such as the DPI resolution, no. of colours etc., during the process of scanning.

- फोटो उचित आकार की होनी चाहिए और स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।
  Photo should be of appropriate size and clearly visible.

**हस्ताक्षर/Signature:**

- अभ्यर्थी को सफेद कागज पर काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करने होंगे।
  The applicant has to sign on white paper with Black Ink pen.
- आकार- 140 x 60 पिक्सेल (अधिमानतः)
  Dimensions 140 x 60 pixels (preferred)
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई फोटो का आकार 50kb से अधिक नहीं है।
  Ensure that the size of the scanned image is not more than 50kb.
- हस्ताक्षर (बड़े अक्षरों में नहीं) उचित आकार का और स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।
  Signature (Not in CAPITAL LETTERS) should be of appropriate size and clearly visible.
- प्रिंटआउट अपलोड करने हेतु नमूना प्रति अनुलग्नक–I में संलग्न है।
  Specimen copy for uploading the printout is enclosed in Annexure –I

15. चयन प्रक्रिया: निर्धारित अर्हता न्यूनतम आवश्यकता है और यह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए स्वतः ही पात्र नहीं बनाती है। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का चयन 1:7 के अनुपात में गेट के अंक के आधार पर किया जाएगा, न कि गेट के अंकों या गेट की रैंक के आधार पर। *अभ्यर्थियों का मूल्यांकन निम्नलिखित गुणों के आधार पर किया जाएगा:*

Selection Process: The qualification prescribed is the MINIMUM requirement and the same does not automatically make candidates eligible for Interview. Shortlisting of the candidates for Interview in the ratio of 1:7 shall be based on the GATE Scores awarded and not on GATE marks or GATE Rank. *The candidates will be assessed based on the following attributes:*

| क्र.सं.<br>Sl. No. | गुण<br>Attributes | | अंक आबंटन<br>Marks Allocation |
|---|---|---|---|
| 1. | तकनीकी (शैक्षणिक) ज्ञान/Technical (Academic) Knowledge | | 40 |
| 2. | विशेषज्ञता क्षेत्र (तकनीकी) से संबंधित सामान्य जागरूकता<br>General Awareness in relevance to the area of Specialisation (technical) | | 20 |
| 3. | प्रस्तुति/संचार कौशल/Presentation/Communication Skill | | 20 |
| 4. | बोधगम्यता/Comprehension | | 10 |
| 5. | शैक्षणिक उपलब्धियाँ/Academic Achievements<br>➢ संस्थान का प्रकार- आई.आई.टी., आई.आई.एस.सी., आई.आई.एस.टी., एन.आई.टी. एवं एन.आई.आर.एफ. टॉप 20 श्रेणी वाले संस्थान। अन्यथा शून्य<br>➢ Institute type IITs, IISC, IIST, NIT & institutes along with NIRF top 20 | 3 अंक/marks | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ranking. Else NIL | | |
| | ➢ शैक्षणिक निष्पादन/Academic Performance :<br>• सी.जी.पी.ए./CGPA ≥ 9/प्रतिशत/Percentage ≥ 85%<br>• सी.जी.पी.ए./CGPA 7.5 - 9/प्रतिशत/Percentage 71% - 85%<br>• अन्य शून्य/Others NIL | 4 अंक/marks<br>2 अंक/marks | |
| | • रैंक, यदि संस्थान द्वारा प्रदान की गई हो (1 से 3) Rank, if any awarded to the candidates by the institute (1 to 3).<br>• अन्यथा शून्य/Else NIL | 3 अंक/marks | |
| | कुल अंक/TOTAL MARKS | | 100 |

अर्हता मानदंड/Qualifying Criteria:

| पद<br>Posts | गेट अंक<br>GATE Score | साक्षात्कार<br>Interview | कुल<br>Aggregate |
|---|---|---|---|
| अना. एवं ई.डब्ल्यू.एस./UR & EWS | 50% | 50% | 60% |
| आरक्षित अभ्यर्थी (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./दिव्यांगजन), जहाँ पद आरक्षित हों।<br>Reserved candidates (SC/ST/OBC/PwBD), wherever posts are reserved. | 40% | 40% | 50% |

अंतिम पैनल बनाने के लिए गेट अंक को 50% एवं साक्षात्कार अंक को 50% का अधिभार दिया जायेगा।
For generation of the final panel, 50% weightage will be given to GATE Scores and 50% weightage to Interview marks.

***नोट: इसरो के पास प्रशासनिक कारणों, यदि कोई हो, से साक्षात्कार एवं अंतिम चयन हेतु अर्हता मानदंड में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।***
***Note: ISRO reserve the right to change the qualification criteria for Interview and final selection due to administrative reasons, if any.***

16. वेतन एवं भत्ते : चयनित अभ्यर्थियों को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' के पद पर नियुक्त किया जाएगा और उन्हें न्यूनतम ₹ 56,100/- प्रतिमाह के मूल वेतन के साथ-साथ उक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता [डी.ए.], मकान किराया भत्ता [एच.आर.ए.] एवं

परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारी नई पेंशन योजना/एकीकृत पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे। इसके अलावा, स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, रियायत वाली कैंटीन, सीमित क्वार्टर सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, गृह निर्माण अग्रिम आदि, केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

Pay and Allowances: Selected candidates will be appointed as Scientist/Engineer 'SC' in Level 10 of Pay Matrix and will be paid minimum basic pay of ₹ 56,100/- p.m. In addition, Dearness Allowance [DA], House Rent Allowance [HRA] and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the New Pension Scheme/Unified Pension Scheme. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, limited quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance etc., are admissible as per Central Government orders.

17. वृत्तिक उन्नयन : इसरो अपनी प्रगतिशील प्रतिभा पदोन्नति योजना के तहत वृत्तिक उन्नयन के लिए उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जिसमें वैज्ञानिक एवं तकनीकी पदों के संबंध में उच्च स्तर पर पदोन्नति को रिक्तियों की उपलब्धता पर निर्भर नहीं रखा जाता है। प्रतिभावान अभ्यर्थी आवधिक प्रतिभा आधारित प्रदर्शन समीक्षा प्रणाली के माध्यम से पदानुक्रम में आगे बढ़ सकते हैं।

Career Progression: ISRO provides excellent opportunities for Career growth under its progressive `Merit Promotion Scheme' wherein Promotion to higher levels is delinked from availability of vacancy in respect of Scientific & Technical posts. Meritorious candidates can rise in hierarchy through the periodic Merit Based Performance Review system.

18. यात्रा भत्ता : साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्शाए गए शहर से साक्षात्कार स्थल तक आने-जाने के लिए सबसे छोटे मार्ग द्वारा द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी ( इस प्रयोजन के लिए पते और शहर में परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा)।

Travelling allowance: Candidates attending the interview will be reimbursed to and fro second-class/sleeper class train fare by the shortest route from the city indicated in the on-line application form to the place of interview (change of address and city for the purpose will not be entertained).

19. **अन्य शर्तें/अनुदेश / Other Conditions/Instructions**:

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।
  Only Indian nationals need apply.
- नियुक्त कार्मिकों को अंतरिक्ष विभाग/भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है। आवश्यकता के आधार पर उन्हें किसी भी समय ऐसे केंद्र/यूनिट में स्थानांतरित किया जा सकता है।
  The appointees are liable to be posted in any of the Centres/Units of Department of Space/ Indian Space Research Organization. They are liable to be transferred to any such Centre/Unit at any point of time on need basis.
- दर्शायी गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है। आई.सी.आर.बी./इसरो के पास आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित है।

The number of vacancies indicated is provisional. ICRB/ISRO reserves the right to increase/decrease the number of vacancies, as per the requirement.

- आई.सी.आर.बी./इसरो के पास निर्णयानुसार बिना कोई कारण बताए पदों को न भरने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
  ICRB/ISRO reserves absolute rights not to fill up the post, if it so decides, and without assigning any reason.
- पद अस्थायी हैं, लेकिन इनके जारी रहने की संभावना है।
  The posts are temporary, but likely to continue.
- इसरो के केंद्रों/यूनिटों के विवरण के लिए कृपया http://www.isro.gov.in/isro_centres.html देखें।
  For details of ISRO Centres/Units, please visit http://www.isro.gov.in/isro_centres.html.
- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए आवेदन में दी गई जानकारी के प्रमाण के रूप में सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
  Candidates have to produce all original documents in proof of details furnished in their applications submitted on-line, at the time of Interview.
  - यदि ऑनलाइन दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा तथा यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।
    If any information furnished on-line is found to be false, the candidate will not be interviewed and TA will not be paid.
- किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, अभ्यर्थी इसरो वेबसाइट पर विज्ञापन के संबंध में अपलोड किए गए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) का संदर्भ ले सकते हैं, यदि फिर भी कोई संदेह रहता है, तो rmt-icrb@isro.gov.in पर ई-मेल भेजें। विज्ञापन/एफ.ए.क्यू. में पहले से ही उपलब्ध सूचना के बारे में प्रश्न और सारहीन प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया जाएगा।
  In case of any clarification, candidates may refer to the FAQs uploaded in the ISRO website against the advertisement and if the doubt still persists, send e-mail to **rmt-icrb@isro.gov.in.** Queries about information already available in the Advertisement/FAQs and Frivolous queries will not be replied to.
- किसी भी भर्ती मामलों में उत्पन्न होने वाले किसी भी अदालती मामलों या कानूनी मुद्दों को संभालने की जिम्मेदारी बेंगलूरु, कर्नाटक न्यायाधिकार के तहत निहित होगी।
  The responsibility for handling any court cases or legal issues arising in any recruitment matters will be vested under Bangalore, Karnataka jurisdiction.
- **सरकार कर्मचारियों के बीच लिंग संतुलन बनाए रखने में प्रयासरत है, तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रेरित करता है।**
  **Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.**
  - **किसी भी प्रकार की संयाचना को अयोग्यता माना जाएगा।**
    **CANVASSING IN ANY FORM WILL BE CONSIDERED AS DISQUALIFICATION.**

20. यह सुनिश्चित करना पूर्णतः अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है कि वह अधिसूचित अर्हता मानदंडों को पूरा करता है तथा उसने ऑनलाइन आवेदन जमा करने एवं आवेदन शुल्क जमा करने के लिए निर्धारित प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं एवं समय-सीमा का पूरी तरह से पालन किया है। अधिसूचित प्रक्रियाओं से किसी भी विचलन के परिणामस्वरूप अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और इस मामले पर किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

It is the absolute responsibility of the candidate to ensure that he/she fulfills the eligibility criteria as notified and has fully complied with the procedural requirements and time limits stipulated for submission of on-line application and remittance of application fee. Any deviations from the procedures notified would result in cancellation of candidature and no representation on the matter will be entertained.

21. अभ्यर्थी को आगे सभी पत्राचार केवल उसके पंजीकृत ई-मेल आईडी/ इसरो वेबसाइट के माध्यम से ही किए जाएँगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपने ई-मेल (स्पैम/जंक फ़ोल्डर सहित) को देखते रहें और समय-समय पर इसरो वेबसाइट देखें। इसरो उपर्युक्त रूप से भेजी गई/प्रदान की गई किसी भी सूचना के प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस मामले पर किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

All further communications to the candidate shall be through his / her registered e-mail ID / ISRO website only. The candidates are advised to check their e-mail (including spam/ junk folders) regularly and visit ISRO website from time to time. ISRO will not be responsible for non-receipt of any intimation sent / provided as aforesaid, and no representation on the matter will be entertained.

22. स्मरणार्थ महत्वपूर्ण तिथियां:-
Important dates to remember: -

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण खुलने की तिथि | - 28-07-2026 |
| Opening date for on-line registration | -28-07-2026 |
| ऑनलाइन पंजीकरण बंद होने की तिथि | - 17-08-2026 |
| Closing date for on-line registration | -17-08-2026 |
| शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | - 19-08-2026 |
| Last date for payment of fee | -19-08-2026 |

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए इसरो वेबसाइट www.isro.gov.in देखें।**
**VISIT OUR WEB-SITE www.isro.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION**

*****************

**Annexure-I**

## Specimen of Photographs

**Acceptable Photograph**



**Samples of photographs which are not acceptable**

Extra Colour



Too close



With hat/cap



Blur Photographs







Inverted



Too dark



With goggles



Facing Sideways



Too Small



With spectacles

